भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3762

दिनांक 11/08/2026 को उत्तरार्थ

ई-ग्राम स्वराज और ऑनलाइन संपरीक्षा

3762. श्री भरत सिंह कुशवाहः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश भर में प्रणालियों के साथ एकीकृत ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है और मध्य प्रदेश और ग्वालियर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इन ई-ग्राम स्वराज और ऑनलाइन संपरीक्षा का कितना उपयोग किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को डिजिटल रूप से तैयार करने और अनुमोदित करने में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का ब्यौरा क्या है और ग्वालियर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी ग्राम पंचायतों ने इस प्रणाली के माध्यम से अपनी वार्षिक विकास योजनाएं तैयार की हैं;

(ग) क्या पंचायतों के खातों, भुगतानों, कार्यों की निगरानी और वित्तीय प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ई-ग्राम स्वराज को अन्य सरकारी डिजिटल प्लेटफार्मों के साथ जोड़ा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मध्य प्रदेश के सरपंचों, पंचों, पंचायत सचिवों और अन्य अधिकारियों के लिए विशेषकर ग्वालियर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में डिजिटल प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और यदि हां, तो प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की संख्या कितनी है और इसके प्रमुख परिणाम क्या हैं?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग) पंचायती राज मंत्रालय देश भर में पंचायती राज संस्थाओं में डिजिटल शासन को मज़बूत बनाने के लिए ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) को लागू कर रहा है। इस परियोजना के तहत, पंचायतों की गतिविधियों का डिजिटल नियोजन, बजटन, लेखांकन, लेखापरीक्षा, परिसंपत्ति प्रबंधन और निगरानी को सुविधाजनक बनाने के लिए ई-ग्राम स्वराज और ऑडिटऑनलाइन को विकसित किया गया हैं। ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) एक सहभागी नियोजन प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जाती हैं और ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड की जाती हैं।

इसके अलावा, ईग्रामस्वराज को विभिन्न सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्मों के साथ एकीकृत किया गया है, जिसमें ऑनलाइन भुगतान और वित्तीय प्रबंधन के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस), खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम), बहुभाषी एआई-आधारित सेवाओं के लिए भाषिणी, भारतनेट कनेक्टिविटी की निगरानी के लिए बीएसएनएल और मौसम संबंधी जानकारी के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) शामिल हैं।

ई-ग्रामस्वराज और ऑडिटऑनलाइन के कार्यान्वयन का मध्य प्रदेश राज्य और ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ) जी हां। पंचायती राज मंत्रालय, संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों और अन्य पंचायत पदाधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में डिजिटल शासन, ई-पंचायत ऐप के प्रभावी उपयोग, ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) की तैयारी, डेटा प्रबंधन और साक्ष्य-आधारित योजना पर प्रशिक्षण शामिल है।

आरजीएसए के तहत प्रशिक्षित प्रतिभागियों का ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित प्रतिभागियों सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है। जिला/निर्वाचन क्षेत्र-वार विवरण का रखरखाव संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ई-पंचायत ऐप के प्रयोग और इसके अंगीकरण को बढ़ावा मिला है, पंचायत पदाधिकारियों की डिजिटल क्षमता में वृद्धि हुई है और पंचायत शासन में पारदर्शिता और कार्यदक्षता को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।

*****

अनुलग्नक-I

"ई-ग्राम स्वराज और ऑडिटऑनलाइन" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3762 जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2026 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

i. वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ईग्रामस्वराज के अंगीकरण की राज्य-वार स्थिति

क्र.स.	राज्य का नाम	ग्राम पंचायतों और समकक्ष की कुल संख्या	ईग्रामस्वराज-पीएफएमएस इंटरफेस पर ऑनबोर्ड की गई ग्राम पंचायत	ऑनलाइन भुगतान वाली ग्राम पंचायतें और समकक्ष	योजना वर्ष 2025-26 के दौरान ईग्रामस्वराज पर अपलोड की गई जीपीडीपी की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	13327	13320	13041	13320
2	अरुणाचल प्रदेश	2108	2108	1541	2089
3	असम	2663	2198	2118	2117
4	बिहार	8054	8054	8050	8053
5	छत्तीसगढ़	11692	11688	11390	11651
6	गोवा	191	191	119	191
7	गुजरात	14619	14591	13948	13805
8	हरियाणा	6227	6227	6051	6221
9	हिमाचल प्रदेश	3615	3615	3597	3611
10	झारखंड	4345	4345	4316	4343
11	कर्नाटक	5949	5949	5938	5940
12	केरल	941	941	939	941
13	मध्य प्रदेश	23011	23011	22352	22974
14	महाराष्ट्र	28002	27936	26773	27902
15	मणिपुर	3175	161	113	161
16	मेघालय	0	0	0	0
17	मिज़ोरम	855	855	817	816
18	नागालैंड	1312	984	0	0
19	ओडिशा	6794	6794	6788	6794

20	पंजाब	13236	13235	12551	13229
21	राजस्थान	13128	11185	10835	11174
22	सिक्किम	199	199	197	199
23	तमिलनाडु	12482	12482	12443	12392
24	तेलंगाना	12760	12759	12372	12751
25	त्रिपुरा	1194	1194	1192	1193
26	उत्तर प्रदेश	57695	57693	57674	57683
27	उत्तराखंड	7812	7810	7347	7777
28	पश्चिम बंगाल	3339	3339	3337	3337
कुल		**258725**	**252864**	**245839**	**250664**

ii. ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ईग्रामस्वराज के प्रयोग की स्थिति

क्र.स	**जिला पंचायत का नाम**	**ग्राम पंचायतों और समकक्ष की कुल संख्या**	**ईग्रामस्वराज-पीएफएमएस इंटरफेस पर ऑनबोर्ड की गई ग्राम पंचायत**	**जीपी द्वारा हस्तांतरित किया गया ऑनलाइन भुगतान (करोड़ में)**	**योजना वर्ष 2025-26 के दौरान ईग्रामस्वराज पर अपलोड की गई जीपीडीपी की संख्या**
1	ग्वालियर	263	263	61.50	263
2	शिवपुरी	587	587	117.70	587

iii. लेखापरीक्षा अवधि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ऑडिटऑनलाइन के माध्यम से तैयार की गई राज्यवार लेखापरीक्षा रिपोर्ट

क्र.स.	राज्य का नाम	**ग्राम पंचायतों और समकक्ष की कुल संख्या**	**तैयार की गई लेखापरीक्षा रिपोर्ट की कुल संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	13328	13175
2	अरुणाचल प्रदेश	2108	1823

3	असम	2770	2025
4	बिहार	8053	4734
5	छत्तीसगढ़	11713	11621
6	गोवा	191	88
7	गुजरात	14687	14585
8	हरियाणा	6230	6124
9	हिमाचल प्रदेश	3615	3486
10	झारखंड	4345	4039
11	कर्नाटक	5952	5949
12	केरल	941	828
13	मध्य प्रदेश	23011	20085
14	महाराष्ट्र	27953	26705
15	मणिपुर	3811	0
16	मेघालय	0	0
17	मिजोरम	843	0
18	नागालैंड	1330	0
19	ओडिशा	6794	6784
20	पंजाब	13237	13221
21	राजस्थान	11230	11079
22	सिक्किम	199	199
23	तमिलनाडु	12525	12517
24	तेलंगाना	12994	12577
25	त्रिपुरा	1194	1193
26	उत्तर प्रदेश	57691	57639
27	उत्तराखंड	7787	0
28	पश्चिम बंगाल	3339	3180
कुल		**257871**	**233656**

iv. ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लेखापरीक्षा अवधि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ऑडिटऑनलाइन के माध्यम से तैयार की गई लेखापरीक्षा रिपोर्ट

क्र.स.	जिला पंचायत का नाम	ग्राम पंचायतों और समकक्ष की कुल संख्या	तैयार की गई लेखापरीक्षा रिपोर्ट की कुल संख्या
1	ग्वालियर	263	251
2	शिवपुरी	587	521

अनुलग्नक-II

"ई-ग्राम स्वराज और ऑडिटऑनलाइन" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3762 जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2026 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

i. डिजिटल शासन/साक्षरता में प्रशिक्षित प्रतिभागी

क्र.स	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27(10 जुलाई तक)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	229	361	1,386	-	-
2	आंध्र प्रदेश	-	204	337	13,812	-
3	अरुणाचल प्रदेश	22	66	-	299	-
4	असम	38	1,046	204	7,471	-
5	बिहार	2,743	33,391	30,100	31,956	18
6	छत्तीसगढ़	-	1,010	106	81	-
7	गोवा	-	327	377	-	-
8	गुजरात	-	-	-	-	-
9	हरियाणा	-	-	9,293	12,381	-
10	हिमाचल प्रदेश	325	1,183	1,432	817	-
11	जम्मू और कश्मीर	-	4,274	461	3,461	-
12	झारखंड	85	-	1,105	2,460	-
13	कर्नाटक	558	5,596	345	-	-
14	केरल	4,752	98	9,840	7,799	-
15	लद्दाख	-	-	-	281	-
16	मध्य प्रदेश	648	8,711	5,540	7,679	-
17	महाराष्ट्र	-	172	-	75	-
18	मणिपुर	-	1,793	-	26	-
19	मेघालय	38	-	1,018	-	-
20	मिज़ोरम	-	-	-	3,053	744
21	नागालैंड	-	-	-	-	-
22	ओडिशा	-	20	1,534	7,433	-
23	पुदुच्चेरी	-	-	-	-	-

24	पंजाब	-	583	453	86	-
25	राजस्थान	-	18	722	13,841	-
26	सिक्किम	107	94	194	135	-
27	तमिलनाडु	-	-	2,352	9,824	-
28	तेलंगाना	-	889	-	540	-
29	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	-	-	210	138	-
30	त्रिपुरा	197	350	300	-	566
31	उत्तर प्रदेश	-	-	1,968	52,380	-
32	उत्तराखंड	80,643	13,963	739	-	-
33	पश्चिम बंगाल	19,526	10,421	581	40,657	-
34	केंद्र स्तर	284	35	207	-	-
	कुल	**110,195**	**84,605**	**70,804**	**216,685**	**1,328**

ii.

पंचायत विकास योजना में प्रशिक्षित प्रतिभागी

क्र.स	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**2026-27(10 जुलाई तक)**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	208	634	741	569	-
2	आंध्र प्रदेश	15,818	96,598	64,001	16,676	22,406
3	अरुणाचल प्रदेश	744	770	159	-	-
4	असम	33,031	22,834	15,430	48,685	771
5	बिहार	52,166	13,346	102,754	17,618	26,577
6	छत्तीसगढ़	26,894	53,434	35,007	25,071	57,271
7	गोवा	-	491	-	832	371
8	गुजरात	231	1,602	38,147	520	872
9	हरियाणा	186	6,599	497	-	-

10	हिमाचल प्रदेश	6,307	59,258	73,318	574	188
11	जम्मू और कश्मीर	92,383	152,495	1,239	-	-
12	झारखंड	1,106	9,012	15,411	72	144
13	कर्नाटक	105,086	7,669	715	32,709	-
14	केरल	34,555	11,383	8,120	21,894	1,219
15	लद्दाख	-	-	26	626	-
16	मध्य प्रदेश	78,644	9,862	119,287	69,870	10,305
17	महाराष्ट्र	394,352	467,665	196,923	29,376	33,894
18	मणिपुर	-	806	-	1,144	226
19	मेघालय	118	1,752	6,633	13,751	-
20	मिज़ोरम	650	636	936	559	1,895
21	नागालैंड	-	1,959	2,265	85	2,740
22	ओडिशा	2,460	21,960	8,379	17,053	20,113
23	पुदुच्चेरी	-	-	-	-	-
24	पंजाब	-	90	37,428	152,468	10,536
25	राजस्थान	206	14,810	5,805	13,204	90
26	सिक्किम	737	3,059	485	1,025	2,140
27	तमिलनाडु	39,009	7,687	1,161	14,819	18,528
28	तेलंगाना	9,727	27	-	91	930
29	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	81	-	104	793	570
30	त्रिपुरा	1,985	3,050	12,084	17,685	6,604
31	उत्तर प्रदेश	5,270	13,633	5,174	184,358	80
32	उत्तराखंड	82,896	34,842	-	-	-
33	पश्चिम बंगाल	54,628	120,107	61,302	28,443	11,135
34	केंद्र स्तर	1,006	90	19	45	30
	कुल	**1,040,484**	**1,138,160**	**813,550**	**710,615**	**229,635**